53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

कांग्रेस, चुनाव जीतने के लिए जमाते इस्लामी जैसे संगठनों की मदद ले रही है : भाजपा



न्यूनतम 27.2°c
अधिकतम 34.2 °c

**अमृतवाणी**
भले ही सब दांव पर लग जाए मगर अपमान का बदला समझौता नहीं होना चाहिए...

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:23, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 182 | बृहस्पतिवार, 03 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

जिसने समझा है उनके नेता को... वो उसी की मदद तो लेते हैं.....

# किसानों के शक्ति प्रदर्शन के आगे धराशायी हो गए तमाम इंतजाम

- प्रकाश चौक पर वाहनों के प्रवेश को लेकर पुलिस से धक्का-मुक्की
- देर सायं आलाधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना
- मांगे पूर्ण न होने पर अब 10 को होगा रामपुर तिराहे पर रास्ता जाम



**मुजफ्फरनगर, 02 जुलाई (बु.)।** नई मंडी थाने में किसानों व भाकियू कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पूर्व घोषित कार्यक्रम के बीच बुधवार को कलेक्ट्रेट को घेरा गया। किसानों के साथ कार्यकर्ताओं के सम्मान की खातिर भाकियू तोमर गुट के आह्वान पर बुलाई महापंचायत में भाकियू ने मुख्यालय पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में डेरा जमा लिया। इस बीच कलेक्ट्रेट में भट्टी चढ़ाने के साथ दूरदराज से आए कार्यकर्ताओं के लिए यहां ताहरी का प्रबंध किया गया।

गौरतलब है कि नई मंडी थाने में धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों पर हुए लाठी चार्ज समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए किसान संगठन ने कलेक्ट्रेट में महापंचायत के बूते जहां एक ओर जिला प्रशासन को अपनी ताकत का अहसास करा दिया, वहीं देर सायं एक सिपाही को सस्पेंड किए जाने के साथ अन्य के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। धरना समाप्त करते हुए भाकियू नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों पर एक सप्ताह में कार्रवाई न की गई तो अब 10 जुलाई को रामपुर तिराहे पर किसान रास्ता जाम करते हुए बड़ा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

बुधवार को भाकियू के तय कार्यक्रम के बीच पहले से तय पुलिस कार्यालय को बदलते हुए कलेक्ट्रेट को चुना गया था, जहां किसानों को कलेक्ट्रेट में जाने से रोकने के किए पुलिस प्रशासन के प्रयास उस वक्त धराशायी हो गए, जब वाहनों के साथ में उग्र तेवरों और भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने पुलिस की भारी नाकाबंदी को भी बेअसर साबित कर दिया। इस बीच प्रकाश चौक पर ट्रैक्टर-ट्राली के साथ डीएम कार्यालय में जाने को लेकर इस बीच सिविल लाइन थाना प्रभारी से भाकियू नेताओं और किसानों की वहां तीखी झड़प हो गई थी, वहीं पुलिस की ओर से लगाए बैरिकेड्स को हटाकर कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में पहुंचने में सफल रहे। बीते माह 19 जून को अपनी मांगों के समर्थन में मंडी कोतवाली में शांतिपूर्ण धरना दे रहे भाकियू कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किए लाठीचार्ज के विरोध में बुलाई महापंचायत अपने मकसद में उस वक्त सफल साबित हुई, जब यहां किए पुलिस के तमाम इंतजामों को धता बताते हुए कार्यकर्ताओं ने कचहरी में वाहनों के साथ जबरन प्रवेश किया। कलेक्ट्रेट में संपन्न महापंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नई मंडी थाने में चल रहे संगठन के शांतिपूर्ण आंदोलन पर जिस तरह से पुलिस ने योजनाबद्ध रूप से लाठीचार्ज किया, वह लोकतंत्र की हत्या है। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को किसान समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह चेतावनी है कि यदि सरकार और प्रशासन ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो संगठन अपने कार्यकर्ताओं के सम्मान में बड़ा निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगा। इस बीच ज्ञापन के माध्यम से दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने और नई मंडी कोतवाली प्रभारी को हटाने की मांग की। जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी ने कहा कि यह सिर्फ एक पंचायत नहीं, बल्कि आर-पार की लड़ाई का बिगुल है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर महापंचायत स्थल अचानक बदला गया। बुधवार में भाकियू की ओर से आयोजित महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन ने शहर के प्रमुख चौराहों शिवचौक, महावीर चौक,

शेष : पृष्ठ-4 पर

## नई मण्डी कोतवाली में लाठी फटकारने के मामले में भाकियू तोमर को मिली सफलता, हैड कांस्टेबल लाइन हाजिर







**मुजफ्फरनगर, 2 जुलाई (बु.)।** 19 जून को नई मण्डी कोतवाली में भाकियू तोमर के पदाधिकारी अंकित गुर्जर के नेतृत्व में नई मण्डी थाने के अंदर ट्रैक्टर घुसाकर वहीं दरी-गद्दी बिछाकर धरना दिया गया था। इस दौरान नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने एक महिला पर भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं द्वारा कटाक्ष करने पर लाठीचार्ज किया गया था। मुजफ्फरनगर में ऐसा पहली बार हुआ था कि किसी कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने दमदारी दिखाते हुए भाकियू तोमर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया था। इसके बाद भाकियू कार्यकर्ता नई मण्डी थाने से देर रात में ही एसएसपी कार्यालय पहुंच गए थे, जहां अधिकारियों के आश्वासन पर यहां से भी धरना समाप्त कर दिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने दो भाकियू कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। बुधवार को अपनी विभिन्न मांगों के साथ-साथ भाकियू तोमर ने पंचायत का आयोजन किया जहां पूरे शहर में जाम लगने के बाद और भाकियू कार्यकर्ताओं की संख्या अधिक हो जाने के कारण प्रशासन दबाव में आता दिखा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि अभद्रता करने वाले हैड कांस्टेबल रजनीश शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच एसडीएम प्रशासन व एसपी क्राइम को सौंपी गयी है। मामले में विवेचना के आधार पर जानलेवा हमले की धारा को हटा दिया गया है।

## प्रदर्शन की थी कई वजह, चर्चाओं में रही मंडी कोतवाली की लाठी

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी थाने में धरने प्रदर्शन के दौरान किसानों पर हुए लाठी चार्ज समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकियू तोमर शक्ति प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट में पहुंचे, जहां महापंचायत के बूते प्रशासन को अपनी ताकत का अहसास कराने का काम किया गया। मुख्य घटना जिसका धरने में जिक्र रहा, वो थी बीते 19 जून की जब पुलिस द्वारा किसानों पर लाठीचार्ज किया गया था। जिसका जिक्र धरने में ये कहकर किया गया कि पुलिस ने तालिया बजाकर लाठियां भांजने का काम किया।

## कचहरी से लेकर शिवचौक तक बैरिकेटिंग ही बैरिकेटिंग

**मुजफ्फरनगर, 02 जुलाई (बु.)।** बुधवार को नगर का हाल बेहाल दिखाई दिया। चारों ओर जाम के झमेले में जनता जूझती नजर आई। रही-सही कसर पुलिस के द्वारा नगर में कई जगह लगे हुए बैरिकेटिंग ने पूरी कर दी। झांसी की रानी, शिव चौक, प्रकाश चौक ये वो इलाके रहे जहां जाने के लिए लोगों को या तो मिनटों जाम में खड़े रहना पड़ा या फिर रास्तों को बदलकर गली मौहल्लों से गुजरना पड़ा। इस दौरान इन सबकी बड़ी वजह जो रही वो थी भाकियू तोमर के कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन की। नगर में प्रशासन द्वारा इस तरह से कलेक्ट्रेट की नाकाबंदी के बावजूद पुलिस से नोंकझोंक करते हुए किसान जबरन जिलाधिकारी कार्यालय के चारों और ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर घुस गए और प्रदर्शन करते नजर आए, ऐसा लग रहा था कि मानो मनमानी की हदें पार करने का भाकियू ने ही ठेका लिया हुआ है। हालांकि सूचना पाकर प्रकाश चौक पर फोर्स लेकर तुरंत सिटी मजिस्ट्रेट और थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंचे और जबरदस्त नोकझोक के बाद कलेक्ट्रेट के बाहर बैरिकेटिंग कर ट्रैक्टरों को वापस भेज दिया गया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ किसानों में रोष भी देखा गया और बेचारी जनता फिर टकटकी लगाए धूप में तपती नजर दिखाई दे रही थी।

महापंचायत में पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नई मंडी थाने में चल रहे संगठन के शांतिपूर्ण आंदोलन पर जिस तरह से पुलिस ने योजनाबद्ध रूप से लाठीचार्ज किया, वह लोकतंत्र की हत्या है। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और कार्यकताओं की गिरफ्तारी को किसान समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह चेतावनी है कि यदि सरकार और प्रशासन ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो संगठन अपने कार्यकर्ताओं के सम्मान में बड़ा निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगा। इस बीच ज्ञापन के माध्यम से दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने और नई मंडी कोतवाली प्रभारी को हटाने की मांग के साथ बकाया गन्ना भुगतान, घरेलू बिजली के दामों को कम करने, रात्रि में विद्युत विभाग के छापामारी पर रोक के साथ जनपद में संचालित अवैध पेस्टीसाईड की फैक्ट्रियों को बंद कराए जाने की मांग की। इसके साथ परिवहन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, एमडीए की धींगामुस्ती व टोल प्लाजा के नाम पर हो रही अवैध वसूली को बंद कराए जाने की मांग की।

## फिर निकला अतिक्रमण का जिन्न बाहर, जुर्माना लगाया 14 हजार



**मुजफ्फरनगर, 2 जुलाई (बु.)।** पिछले माह से अतिक्रमण हटाने की बात करने वाला प्रशासन मूड़ के हिसाब से काम करता दिखाई देता है। ऐसे में व्यापारियों को भी खूब लापरवाही करने का मौका मिल जाता है, क्योंकि व्यापारियों को पता लग चुका है कि अतिक्रमण हटवाना महज एक दिखावा है। जब राजस्व भरना होता है, जब चार अधिकारी उठते हैं और सड़कों पर ऐसा दर्शाते हैं कि जैसे वे वास्तव में नगर में अच्छी पहल करने के मूड़ में निकले हैं, लेकिन यह मूड एकाध दिन ही रहता है और दूसरे दिन टाय टाय फुस्स हो जाता है। क्योंकि कांवड़ सिर पर है, इसलिए कुछ न कुछ तो आलाकमान को भी करके दिखाना पड़ता है कि हम वास्तव में शहर के लिए कुछ कर रहे हैं। पिछले महीने चली लम्बी चौड़ी कवायद के बाद बुधवार को एकाएक शाम ढलते ही नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठोर, पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह, सीओ सिटी राजू साव अपना अमला लेकर रुड़की रोड और भगत सिंह रोड पर उतरे और एकाएक अतिक्रमणकारियों को आर्थिक दण्ड दिया। साथ ही साथ अन्य दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि वे दोबारा अतिक्रमण न करें नहीं तो इसी तरह लगातार आर्थिक दण्ड देना होगा। हालांकि बिना आर्थिक दण्ड के व्यापारी भी मानने वाले नहीं हैं, इसलिए आर्थिक दण्ड देना भी जरूरी है, मगर प्रशासन द्वारा मूड से काम करना, यह व्यापारियों को अखर रहा है। उनका कहना है कि यदि स्थायी रूप से अतिक्रमण हटवाना हो तो एक दो दिन पहले सूचित तो किया जाये, मगर न तो व्यापारी ही मानते हैं और न ही प्रशासन। अब देखना यह होगा कि यह अतिक्रमण दिखावा करने के लिए हटाया जा रहा है या परमानेंट हटेगा।

# सावधान : अपराध करने वालों के समर्थन में फेसबुक पर खूब उतर रहे भाईजान

> कभी थूक की वीडियो पर तो कभी चोरी करने वाली शबाना के समर्थन में उतर रहे मुस्लिम समुदाय के लोग



**मुजफ्फरनगर, 2 जुलाई (बु.)।** फेसबुक पर भी नए तरह का जेहाद चल रहा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि कुछ लोगों की मानसिकता किस तरह से अपराध के समर्थन में उतर रही है। चार दिन पहले बुलेटिन सोशल मीडिया के माध्यम से खुलेआम रोटी पर थूकते हुए राज मार्किट की एक वीडियो वायरल हुई थी। सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग इस तरह से रोटी पर थूकने वाले के समर्थन में इकट्ठा हो गए थे, जैसे वह इनका सगा भाई हो। इसके बाद पुलिस ने उक्त वीडियो पर कार्यवाही करते हुए थूक डालने वाले का चालान कर दिया था। बुधवार को एक बार फिर उस समय मुस्लिम समुदाय के लोग एक और वीडियो पर कमेंट करते दिखाई दिये जब झांसी की रानी के सामने स्थित एक महिला जिसने अपना नाम शबाना बताया, एक दुकान से पिछले एक माह से सूट चोरी कर रही थी। शबाना ने तो अपना जुर्म हाथोंहाथ कबूल लिया कि वह पिछले एक महीने से सूटों की चोरी कर रही थी, बावजूद इसके मुस्लिम समुदाय के लोग फिर फेसबुक पर कूदे और कमेंट सेक्शन में उक्त चोरनी का भी समर्थन करने लगे। इससे यह तो साफ जाहिर हो गया कि ऐसे लोग खुद क्या होंगे? मगर फिर भी हैरानी की बात यह है कि कौम के नाम पर अंधभक्ति करने की पूरी हदें फेसबुक पर पार हो रही हैं। चाहे चोरी करने वाला हो, चाहे वो मूत्र डालकर सब्जी बेचने वाला हो, जूस बेचने वाला हो या रोटी पर थूक डालने वाला हो, सभी के समर्थन में अंधे होकर उतरना देश के लिए एक अजीबो-गरीब खतरे का एहसास करा रहा है। कमाल की बात यह है कि जिस दुकानदार द्वारा उक्त चोरनी जिसने अपना नाम शबाना बताया। खालापार रहमत नगर की निवासी बताया को पकड़ा, उसे कोई ऐतराज नहीं है और ऐतराज है वीडियो देखने वालों को। अब यह भी नहीं कहा जा सकता है कि यह चोरनी फेसबुक पर कमेंट करने वालों की क्या लगती है?, जो इस तरह से एक चोरनी के समर्थन में इतने सारे लोग उतर आए?

# कैराना सांसद इकरा चौधरी की छवि खराब करने के उद्देश्य से बनाई भ्रामक वीडियो

- एआई ऐप से जनरेटेड गलत वीडियो सोशल मीडिया पर की वायरल
- मेवात निवासी दोनों आरोपियों ने कान पकड़कर मांगी माफी
- सांसद के नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर बनी हैं दर्जनों फर्जी आईडी



**कैराना, 02 जुलाई (बु.)।** कैराना लोकसभा सांसद इकरा चौधरी का फोटो लगाकर एआई ऐप के माध्यम से एक भ्रामक वीडियो जनरेट कर सोशल मीडिया पर वायरल की गई। वीडियो वायरल होने के बाद उनके समर्थकों ने कड़ी आलोचना की, जिसके बाद मेवात के रहने वाले दोनों आरोपियों ने कान पकड़कर माफी मांगी। सोमवार को कैराना लोकसभा की लोकप्रिय सांसद इकरा चौधरी के नाम से फेसबुक पर बनाए गए एक फर्जी पेज से एक भ्रामक व गलत वीडियो वायरल की गई, जिसमें एक नाबालिग किशोर सांसद की फोटो के साथ नजर आ रहा है। वायरल वीडियो पूरी तरह भ्रामक व गलत बनाकर वायरल की गई। उक्त वीडियो एआई ऐप का गलत इस्तेमाल कर सांसद इकरा की छवि खराब करने के उद्देश्य से उनके ही नाम से फेसबुक पर बनाए गए फर्जी फेसबुक पेज से वायरल की गई। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद उनके समर्थकों ने कड़ी आलोचना करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद दो किशोरों ने सांसद व उनके समर्थकों से माफी मांगते हुए अपनी एक वीडियो वायरल की, जिसमें उन्होंने बताया कि गलती से एआई ऐप के माध्यम से सांसद इकरा चौधरी का फोटो एडिट कर गलत वीडियो उनके द्वारा ही बनाई गई, जिसके लिए वे सांसद से माफी मांगते हैं। वहीं मेवात जिला नूह की जिलाध्यक्ष रजिया बानो ने बताया कि यहां के रहने वाले 12, 13 साल के दो नादान बच्चों ने सांसद इकरा चौधरी की एडिट कर गलत वीडियो बनाकर वायरल की थी। उक्त वीडियो समाज के लिए बहुत ही गलत है, जिससे हमारी बिरादरी सांसद इकरा चौधरी से माफी मांगती है। इसके साथ ही दोनों युवकों से भी उन्होंने माफी मंगवाई। वहीं वीडियो में मांग की गई है कि सोशल मीडिया पर सांसद इकरा चौधरी के नाम से फेसबुक, इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर जो फर्जी पेज बने हुए हैं, उन्हें तुरंत हटा दिया जाए, नहीं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जायेगी।

## व्यूज पाने के चक्कर में भूल रहे मर्यादा

**कैराना, 02 जुलाई (बु.)।** सोशल मीडिया के युग में आजकल के युवाओं पर अधिक व्यूज पाने का जुनून इस कदर चढा हुआ है कि वे अपनी मर्यादा तक भूल रहे हैं। मेवात के रहने वाले दो नाबालिग किशोरों ने भी लोकप्रिय सांसद इकरा चौधरी के फोटो को एआई ऐप के माध्यम से एडिट कर गलत वीडियो इसीलिए बनाई कि उन्हें सोशल मीडिया पर अधिक व्यूज मिल सकें। इसलिए ही दोनों किशोरों ने अधिक व्यूज पाने के चक्कर में अपनी मर्यादा व सांसद इकरा चौधरी के प्रोटोकॉल को दरकिनार कर दिया। जागरूक लोगों ने सभी से अपील की है कि सभी अपने बच्चों को सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करने से रोके तथा सोशल मीडिया का केवल सही इस्तेमाल किया जाए।

## फर्जी अकाउंट बंद कराने के लिए हो चुकी मांग

**कैराना, 02 जुलाई (बु.)।** सोशल मीडिया पर कैराना लोकसभा सांसद इकरा चौधरी के नाम पर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व एक्स पर अनेकों अकाउंट बने हुए हैं। अधिकतर अकाउंट फर्जी बनाए गए है, ताकि सांसद के नाम पर अधिक व्यूज व लाइक्स मिल सकें। पिछले दिनों सांसद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अपने नाम पर बनाए गए फर्जी अकाउंट की एक लंबी लिस्ट दी थी, जिसमें सभी फर्जी अकाउंट बंद कराने की मांग की गई थी। उस दौरान कहीं हद तक सांसद के नाम पर बनाए गए फर्जी अकाउंट बंद हो गए थे, लेकिन अब फिर धीरे-धीरे सांसद के नाम पर सोशल मीडिया पर फर्जी पेज व अकाउंट बने हुए है, जिन्हें एक बार फिर बंद कराने की मांग की गई है।

## स्कूल बस ने भाई बहन को रौंदा

**प्रतापगढ़ 2 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार को स्कूल बस की टक्कर में बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार करनपुर निवासी मनोज कुमार अपने बच्चों निखिल और शिखा के साथ नानी के घर से वापस लौट रहे थे तभी स्कूल बस ने बाइक में टक्कर मार दी। 10 के छात्र निखिल की मृत्यु घटनास्थल पर हो गई जबकि छात्रा शिखा की मौत अस्पताल ले जाते समय हो गई।



